वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-202 सागवाड़ा, बुधवार,30 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

अप्रैल माह में अहमदाबाद और उदयपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर जील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में देंगे परामर्श

1 अप्रेल को मस्तिष्क रोग और 2 को रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉक्टर आएंगे

सागवाड़ा। वागड़ क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा अब जील अस्पताल सागवाड़ा में ही मिलनी शुरू हो गई है । उदयपुर और अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टर अप्रैल माह में जील अस्पताल सागवाड़ा में परामर्श देंगे।

पूरे अप्रैल माह में जील अस्पताल सागवाड़ा में चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित होंगे जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लिया जा सकेगा। जील हॉस्पिटल सीओओ डा . टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि जीत अस्पताल में उदयपुर एवं गुजरात के विशेषज्ञ डॉक्टर को जील हॉस्पिटल में परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वागड़वासियों को परामर्श और ईलाज के लिए बाहर जाकर परेशान ना होना पड़े, साथ ह राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है । अधिक जानकारी के लिए 9351230476 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

zeel®
MULTISPECIALITY HOSPITAL
Advanced health-care, close to home

जील अस्पताल में ये विशेषज्ञ डॉक्टर आएंगे

1 अप्रैल को लकवा और मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ . मनीष कुलश्रेष्ठ

2 अप्रैल को रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉ . अतुल सोनी

9 अप्रैल को गले और मुंह की सर्जरी के विशेषज्ञ शशांक शर्मा

15 अप्रैल को कैंसर विशेषज्ञ डॉ . रेनु मिश्रा

21 अप्रैल को पेट आंत और लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉ . राजन ढींगरा

21 अप्रेल को डाईबिटिज , थायरॉइड और हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ . मोना ढींगरा

22 अप्रैल को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के डॉ . चिराग सोलंकी

इन बिमारियों से है परेशान तो पहुंचे जील

अस्पताल गर्मी की शुरुआत के साथ बीमारियां भी असर दिखाना शुरू कर चुकी है । इन बिमारियों से है परेशान तो पहुंचे जीत अस्पताल गर्मी की शुरुआत के साथ बीमारियां भी असर दिखाना शुरू कर चुकी है । इसी को देखते हुए जीत अस्पताल में कैंसर, लकवा, डाइबिटीज थायरॉइड माइग्रेन, मस्तिष्क संबंध बीमारी हड्डियों से जुड़ी परेशानी , मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी की परेशानी से जुड़े मरीज , पेट , आंत औ लीवर रोग से पीड़ित रोगी जील अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टरों से परामर्श ले सकते है । अस्पताल में सरकार की योजना का लाभ उठाए जील अस्पताल में राज्य सरकार की विरंजीवी और आरजीएचएस योजना के तहत कैशलेस उपचार किया जा रहा है । योजना के पा लाभार्थियों को जाये और दवाइयों की सुविधा भी कैशलेस है । अब तक 12 हजार से अधिक रोगी योजना का लाभ उठा चुके है ।

दो सौ रुपये के लिए भतीजे ने की चाचा की हत्या

आरोपी भतीजे को पुलिस ने किया डिटेन

डूंगरपुर। जिले की सदर थाना क्षेत्र के पालवडा फला बिलिया गाँव में एक भतीजे ने 200 रुपए के बटवारे के लिए अपने चाचा की पत्थरों की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भतीजे को डिटेन कर लिया है। वही पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौप दिया है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की अश्विन फनात मीणा निवासी पालवडा फला बिलिया ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में अश्विन ने बताया की मंगलवार को उसके पिता 42 वर्षीय शंकर फनात और परिवार के चाचा देवीलाल, शांतिलाल, तेजाराम ने मिलकर देवल सतियाल फला निवासी सोहनलाल फनात से उधारी में 6 हजार रुपए में बकरा खरीदा था। शाम के समय बकरे के पैसे देने वे सभी देवल गए थे । सोहनलाल को 6 हजार रुपए देने के बाद सोहनलाल ने 200 रुपए वापस लौटाए थे। 200 रुपए की राशि को शंकर फनात ने अपने पास रख लिए थे । इसके बाद सभी लोग 2 बाइक पर वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में देवल कोलरा तालाब के पास शांतिलाल पुत्र खातू फनात ने बाइक रोक ली।

वही शंकर फनात से भी बाइक रुकवाई। इसके बाद शांतिलाल ने 6 हजार की राशी में से वापस मिले 200 रुपए बांटने के लिए कहा और दोनों में बहस शुरू हो गई। बात इतनी बिगड़ गई की भतीजे शांतिलाल फनात ने अपने चाचा शंकर फनात के साथ मारपीट शुरू कर दी। शांतिलाल ने गला दबा दिया और पत्थरों से मारा। बेटे अश्विन, देवीलाल और तेजाराम ने बीच बचाव कर छुड़वाया। लेकिन मारपीट से शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग उसे खेरवाड़ा हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे की रास्ते में शंकर की मौत हो गई। इसके बाद परिवार के लोग शव को लेकर वापस घर आए।

रातभर शव घर पर रखा। आज बुधवार सुबह सदर थाना पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी हजारीलाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मृतक के बेटे अश्विन फनात ने चचेरे भाई शांतिलाल फनात मीणा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया है। इधर पुलिस ने आरोपी भतीजे को डिटेन कर लिया है।

स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़, जिले को मिले 258 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी

डूंगरपुर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए तथा आमजन को सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए बुधवार को 258 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने कार्यग्रहण कर लिया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि निदेशालय से जिले को 258 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आवंटित किए गए थे। सभी सीएचओ के दस्तावेजों की जांच मंगलवार को स्वास्थ्य भवन (सीएमएचओ कार्यालय) में की गई। आज बुधवार को उन्हें जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर भेजा गया, जहां उन्होंने कार्यग्रहण कर लिया है। उन्हें पदस्थापन निदेशालय द्वारा ही आवंटित किये गए हैं।

कृषि पर्यवेक्षकों को जिले में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिये पूर्व सांसद भगोरा को सौंपा ज्ञापन

पूर्व सांसद भगोरा ने कृषि मंत्री कटारिया से की वार्ता

डूंगरपुर। जनजाति उप योजना क्षेत्र डूंगरपुर में नव नियुक्त कृषि पर्यवेक्षकों को जिले में रिक्त पदों पर नियुक्ति दिलाने की मांग को लेकर हरियाणा राज्य पीआरओ व डूंगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा से जिलाध्यक्ष सूरजमल मनात के नेतृत्व में कृषि पर्यवेक्षको ने मुलाकात कर ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में बताया कि कृषि पर्यवेक्षको की भर्ती सन 2020 के अनुसार नव नियुक्त कृषि पर्यवेक्षक 65 की नियुक्ति अस्थायी तौर पर कार्यालय उप निदेशक कृषि(वि) जिला परिषद डूँगरपुर के अधीन मूल पदस्थापन के पूर्व दी गई है लेकिन कृषि आयुक्त जयपुर द्वारा दस्तावेज सत्यापन के बाद भी पूर्व की भांति अन्य जिलों में नियुक्ति दी जाने की संभावना है।

ज्ञापन में बताया कि सहायक निदेशक कृषि(वि) जिला परिषद डूँगरपुर में 32, सागवाड़ा में 20, सहायक कृषि निदेशक उद्यान डूँगरपुर में 04 एवं सहायक कृषि उप निदेशक कृषि(वि) जिला परिषद डूँगरपुर में 01 कुल 66 पद रिक्त है जहां किसानों के हित मे कृषि पर्यवेक्षको की आवश्यकता है जिन्हें गृह जिले डूँगरपुर के रिक्त पदों पर पद स्थापन किया जाएं।

पूर्व सांसद ने कृषि पर्यवेक्षको की समस्याओ से अवगत हो कृषि मंत्री लालचंद कटारिया से दूरभाष पर वार्ता कर कृषि पर्यवेक्षको की समस्याओं के बारे में बताया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही प्रसंज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।

काम नहीं हुआ तो पावर हाउस पहुंचकर टेक्निकल हेल्पर से मारपीट और बदसलूकी

डूंगरपुर। रतनपुर रोड स्थित बिजली निगम के दो पावर हाउस पर काम कर रहे टेक्निकल हेल्पर से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। टेक्निकल हेल्पर ने सिटी के दो जेईएन पर मारपीट करने के आरोप लगाए है। घटना के बाद सभी टेक्निकल हेल्पर ने एईएन और सुपरिटेंडेंट इंजीनियर से मामले की शिकायत की है।

टेक्निकल हेल्पर गिरीश कटारा और राकेश रोत ने बताया कि मंगलवार रात के समय वे दोनों ड्यूटी पर थे। गिरीश ने बताया कि रात करीब पौने 9 बजे जेईएन सिटी नरेश ने फोन कर पावर हाउस के पीछे की तरफ स्थित एमबी होटल की लाइन बंद करने के लिए कहा। इस पर उसने जी कहते हुए फोन रख दिया। उसी समय दूसरा फोन आ जाने से वह बिजी हो गया। कुछ ही देर में सिटी जेईएन नरेश और मेघराज ऑफिस पहुंचे और बिजली बंद नहीं करने पर दोनों हेल्पर से गाली गलौज करने लगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को बच्चों से करेंगे परीक्षा पर चर्चा

जिलेभर के बच्चों के साथ पेरेंट्स भी जुड़ेंगे

डूंगरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अप्रैल को बच्चो से संवाद करते हुए परीक्षा पर चर्चा करेंगे। इस चर्चा में डूंगरपुर जिले के केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय ठाकरडा विद्यालय के भी बच्चे ओनलाईन जुड़ेंगे। ये जानकारी डूंगरपुर केन्द्रीय विद्यालय व ठाकरडा नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी है। केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल केके चंद्रा ने बताया की एक अप्रैल को परीक्षा पर चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से ऑनलाइन बच्चो के साथ संवाद करेंगे।

उन्होंने कहा 2 साल कोरोना की वजह से बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हुई। परीक्षा नजदीक आते ही बच्चो के साथ उनके पेरेंट्स की टेंशन भी बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री मोदी बच्चों के अंदाज में उनके तनाव को दूर करेंगे। बच्चो के सवालों का प्रधानमंत्री मोदी जवाब देंगे, जिससे बच्चों को हरेक परेशानी का समाधान मिलने में मदद मिलेगी। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा के प्रिंसिपल और नोडल प्रभारी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया की दोनों केंद्रीय विद्यालय में टीवी स्क्रीन पर बच्चो को लाइव चर्चा में शामिल किया जाएगा।

दोनो स्कूल के करीब 1200 से ज्यादा बच्चे और उनके अभिभावक जुड़ेंगे। वहीं दूसरे बच्चों और उनके पेरेंट्स को भी घर पर ही टीवी या किसी भी दूसरे नेटवर्क से परीक्षा पे चर्चा में जुड़ने की अपील की है।

प्रिंसिपल ने बताया की परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी बच्चों को टेंशन फ्री रहने का मंत्र देंगे। इतना ही नहीं परीक्षा को त्यौहार की तरह आसानी से देने के लिए बच्चो को प्रेरित करेंगे। उन्होंने पेरेंट्स से बच्चो की खूबियों को पहचानकर उन्हें आगे लाने के लिए प्रेरित किया। वही पेरेंट्स से बच्चो को दूसरे बच्चो से कंपेयर करने से भी बचाने की अपील की है

दौसा की महिला डॉक्टर के सुसाइड के विरोध में ज़ील अस्पताल में बंद रही ओपीड़ी

डाक्टर ने मौन रख कर दी श्रद्धाजंलि, ओपीडी

सागवाड़ा। दौसा जिले के लालसोट स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर के सुसाइड का असर सागवाड़ा के ज़ील अस्पताल में भी दिखाई दिया। ज़ील अस्पताल सागवाड़ा की ओपीड़ी पूरे दिन बंद रही। पूरे दिन स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। दोपहर को सभी डाक्टर अस्पताल पहुंचे और दो मीनट का मौन रख कर श्रद्धाजंलि दी। ज़ील अस्पताल के सीओओ डा टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में डॉक्टर्स (प्राइवेट और सरकारी से जुड़े) ने इस घटना का विरोध किया है।डॉ. अर्चना शर्मा को आत्महत्या के लिए प्ररित करने वाले दोषियों पर 302 में मुकदमा दर्ज कर सख्त

कार्यवाही की मांग की है। इसको लेकर ब्लैक डे मानते हुए सभी सेवारत चिकित्स अपने संस्थान में रहकर सुबह 9 से 11 बजे तक कार्य बहिष्कार किया है। संघ की मांग के अनुरूप इस मामले में हमने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषी पुलिस कर्मियों को तुरंत निलंबित कर गिरफ्तार किया जाए। डा. शर्मा ने बताया कि किसी भी मरीज के उपचार में डाक्टर ईमानदारी से काम करते है। इस दौरान डा. विकास पुरोहित, डा. संजय बेंदाले, डा. अल्केश अजमेरा, डा. किशन कुशवाहा, डा.स्पन रोय , डा. सुनील पटेल, डा. यश गांधी, डा. नैना अजमेरा, डां प्रियंका अजमेरा, डा. सुमित अजमेरा सहित ज़ील अस्पताल के डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

अम्बाड़ा गांव में गुजराती पाटीदार समाज युवा सेवा समिति की बैठक हुई

ओबरी। अम्बाड़ा गांव में गुजराती पाटीदार समाज युवा सेवा समिति की बैठक प्रगति मण्डल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरीशचन्द्र पाटीदार के मुख्यातिथ्य में तथा शिवराम पाटीदार की अध्यक्षता में नर्वदा विलास में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि हरीश एस.पाटीदार, गिरदावर दिनकर पाटीदार, मुकेश पाटीदार थे। स्वागत राजेश एन.पाटीदार ने किया। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि हरीश पाटीदार ने कहा कि युवा देश की अमूल्य निधि है, युवानों को संगठित रह कर गांव, चौखले एवं समाज के विकास में अपना अमूल्य योगदान देना होगा। अध्यक्ष शिवराम पाटीदार ने कहा कि नशा नाश का मूल कारण है युवाओं को नशावृत्ति से दूर रहना चाहिए। बैठक में युवा समिति जिला कार्यकारिणी के

निर्देशानुसार अंबाडा गांव की युवा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष नरेशकुमार पाटीदार,

वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, उपाध्यक्ष विपिन पटवारी, महामंत्री गिरिश पाटीदार, संगठन मंत्री राजेश लवजी पाटीदार, सचिव राजन पाटीदार, सहसचिव जयेश पाटीदार, कोषाध्यक्ष राहुल पाटीदार, प्रवक्ता विपिन डी.पाटीदार, संरक्षक हरिशचन्द्र पाटीदार तथा सह संरक्षक हरिशचन्द्र एस.पाटीदार को मनोनीत किया गया। संचालन विनोद पाटीदार ने किया और आभार मुकेश पाटीदार ने व्यक्त किया। बैठक में प्रफुल्ल, निखिल, दिनकर, किंजल, जितेन्द्र, रोशन, सागर पाटीदार उपस्थित थे।

ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित

कार्य में कोताही बरतने पर होगी कार्यवाही जिला कलेक्टर चौधरी

डूंगरपुर। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आसपुर -साबला की बैठक जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल प्रकाश की मौजूदगी में बुधवार को पंचायत समिति आसपुर के सभागार कक्ष में आयोजित आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवाइयों की जानकारी ली। जिला कलेक्टर चौधरी ने ब्लॉक सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि सीएचसी-पीएचसी में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाएं। साथ ही इस की प्रगति रिपोर्ट जो पेंडिंग है, उसकी सूची बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर चौधरी ने सीएचसी-पीएससी आशा सहयोगिनी और एएनएम को लक्ष्य निर्धारित कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि सीएचसी -पीएचसी में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना अन्तर्गत चल रहे शिविरों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए।

प्रतियोगी परीक्षा में नकल प्रकरण में बाड़मेर गिडा तहसील का कनिष्ठ लिपिक गिरफ्तार

करीब 7 माह से चल रहा था फरार

सीमलवाड़ा। डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षा में नकल प्रकरण में फरार चल रहे बाड़मेर जिले की गिडा तहसील के कनिष्ठ लिपिक को आज गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कनिष्ठ लिपिक पिछले। माह से फरार चल रहा था। वही गिरफ्तार आरोपी धम्बोला थाने का टॉप टेन अपराधी भी है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की धम्बोला थाना पुलिस ने 23 सितम्बर 2021 को बाड़मेर निवासी व डूंगरपुर जिले की राजकीय प्राथमिक विद्यालय कदवाल फला डूंका के शिक्षक भंवरलाल कडवासरा रीट भर्ती परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बैठाने की तैयारी कर रहा था। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस ने पीठ कस्बे से शिक्षक भंवरलाल कडवासरा को गिरफ्तार किया था। वही आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 12 लाख 17 हजार 800 रुपए कैश, प्रतियोगी परीक्षाओ के संदिग्ध दस्तावेज और अभ्यर्थियो के आठ फर्जी आधार कार्ड जब्त किये थे। वही पुलिस पूछताछ में

आरोपी शिक्षक भंवरलाल ने अपने अन्य साथियो के नाम बताये थे जिनके माध्यम से वह रेकेट चला रहा था। जिस पर पुलिस ने पूर्व में धोरीमन्ना बाड़मेर निवासी शिक्षक भंवरलाल विश्नोई, डूंगरपुर ठाकरडा निवासी भगवतीलाल खाट, बावड़ी निवासी शिवराज डामोर, लिखतिया पंचकुंडी निवासी सूरजमल राणा, भांडेला बोरमाता निवासी सोहनलाल बामणिया, माविता निवासी मनोज खराड़ी, सोहनवडली निवासी मुकेश कलासुआ, पाटिया निवासी रविन्द्र और बाड़मेर निवासी हरीश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन बाड़मेर जिले की गिडा तहसील का कनिष्ठ लिपिक जुमरलाल उर्फ़ जुमला पिता देवाराम थोरी फरार चल रहा था। जिसके पुलिस लम्बे समय से तलाश कर रही थी। लेकिन मुखबिर की सुचना पर पुलिस ने आरोपी जुमला को भी गिरफ्तार कर लिया है। इधर धम्बोला थाने के सीआई भैयालाल आंजना ने बताया की नवम्बर 2020 में भी आरोपी जुमला उदयपुर में सीएचओ परीक्षा में डमी कंडीडेट बैठाने के मामले में गिरफ्तार हो चूका है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।